~~Library~~ Exam copy
23.09.17.

# D.A.V. PUBLIC SCHOOLS, BHUBANESWAR

## HALF YEARLY EXAMINATION (2017-18)

## CLASS – VI

## SUBJECT – LOWER HINDI

**Time – 3 Hours** **Full Marks - 80**

**सामान्य निर्देश :-**

- इस प्रश्न पत्र में दो खंड़ - क और ख है ।
- कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न पत्र में 16 प्रश्न हैं।
- प्रत्येक खंड का उत्तर क्रमशः दीजिए।
- प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले, प्रश्न का क्रम संख्या अवश्य लिखें ।

### खंड - क

Q1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।　　$10 \times 1 = 10$

एक बार किसी राजा ने अकबर से कहा, "यदि आप मुझे एक घड़ा भरकर बुद्धि दे दें , तो आपको चतुर मानूँगा ।" अकबर सोच में पड़ गए ओर बीरबल से उपाय पूछा । बीरबल ने कहा, "महाराज ! मैं छह महीनों में एक घड़ा भरकर बुद्धि बना लूँगा ।" घर आकर बीरबल ने अपने बगीचे में कद्दू का बीज बो दिया । बीज उगे और कुछ दिनों बाद बेल पर छोटे-छोटे फल दिखने लगे । अब बीरबल ने छोटे मुँह वाला एक घड़ा लिया और घड़े को बेल के ऊपर टेढ़ा करके रखा, फिर बेल में लगे कद्दू को घड़े में डाल दिया कुछ दिनों बाद वह कद्दू बढ़ते-बढ़ते उस घड़े में फँस गया । बीरबल ने कद्दू को काटकर अलग किया और घड़े को अकबर को दिया और कहा, "महाराज ! यह है घड़ा भरकर बुद्धि, इस घड़े से बुद्धि को निकाल लीजिए । याद रखिए घड़ा टूटे नहीं, बुद्धि को साबुत निकालकर मेरा घड़ा वापस कर दीजिए ।

(क) राजा ने अकबर से क्या माँगा ?

(ख) बीरबल ने बगीचे में क्या बो दिया ?

(ग) कुछ दिनों बाद बेल पर क्या दिखने लगे ?

(घ) बीरबल ने अकबर से कितना समय माँगा ?

(ङ) बीरबल ने छोटे मुँह वाले घड़े को बेल के ऊपर किस तरह रखा ?

(च) बीरबल ने कद्दू का क्या किया ?

(छ) घड़े को अकबर को देते समय बीरबल ने क्या कहा ?

(ज) इस गद्यांश के लिए कोई **उचित शीर्षक** लिखिए ।

(झ) **बगीचा** शब्द का अर्थ लिखो ।

(ञ) **राजा** शब्द से वाक्य बनाओ ।

Q2. किसी एक विषय पर पत्र लिखिए । $5 \times 1 =$

खेल का महत्तव बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए ।

अथवा

बुखार के कारण **तीन दिन** के अवकाश के लिए प्रधानचार्य को आवेदन पत्र लिखिए ।

Q3. किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए । $5 \times 1 =$

(क) पेड़-पौधे और हम (ख) तिरंगा झंडा

(ग) मेरा मित्र (घ) प्रिय त्योहार

Q4. निम्नलिखित शब्दों के **वचन विकल्पों** में से छाँट कर लिखिए । $4 \times 1 =$

(क) तकिया - (i) तकीए (ii) तकिए (iii) तकीएँ (iv) तकी

(ख) कुत्ता - (i) कुत्ते (ii) कुत्तों (iii) कोत्ते (iv) केत

(ग) हाथी को - (i) हाथीयों को (ii) हाथीये को (iii) हाथियों को (iv) हाथि

(घ) चिड़िया - (i) चिड़ीयों (ii) चिड़िएँ (iii) चीड़ियाँ (iv) चिड़ि

Q5. निम्नलिखित शब्दों के **लिंग विकल्पों** में से छाँट कर लिखिए । $3 \times 1 =$

(क) बैल - (i) गाय (ii) गाइ (iii) गई (iv) गयी

(ख) नदी - (i) नदा (ii) नद (iii) नदो (iv) निद

(ग) ऊँट - (i) ऊँटनि (ii) ऊँटनों (iii) ऊँटनी (iv) ऊँटोनी

Q6. निम्नलिखित शब्दों के **सही विलोम शब्द** लिखिए । $4 \times 1 =$

(i) मधुर (ii) दुख (iii) नया (iv) चढ़ना

Q7. निम्नलिखित शब्दों पर चंद्रबिंदु ( ँ ) तथा बिंदु ( ं ) लगाइए । $2 \times 1 =$

(i) घोसला (ii) वहा (iii) जगल (iv) मुह

Q8. निम्नलिखित शब्दों के **समानार्थी शब्द विकल्पों** में से छाँट कर लिखिए । 3 × 1 = 3

(क) स्नान - (i) धोना (ii) सफाई (iii) धुलाई (iv) नहाना

(ख) आँख - (i) नजर (ii) दिखाई (iii) नयन (iv) देखना

(ग) पानी - (i) तालाब (ii) जल (iii) नदी (iv) कुआँ

Q9. निम्नलिखित **मुहावरों के अर्थ** लिखिए । 2 × 1 = 2

(i) आग बबूला होना (ii) नाक में दम करना

Q10. विकल्पों में से **सही कारक** चिन्हों को चुनकर खाली स्थान भरें। 2 × 1 = 2

(क) चिड़िया पेड़ ............. डाली पर बैठी है । (को, पर, से, की)

(ख) दीपक लालू .............. बहुत प्यार करता था । (के, को, की, से)

## खंड - ख

Q11. किसी एक कविता की **पहली आठ पंक्तियाँ** साफ तथा सुंदर अक्षरों में लिखिएं। 8 × 1 = 8

(क) अगर पेड़ भी चलते होते (ख) चतुर कौवा

Q12. पाठ के आधार पर **खाली स्थान** भरिए। 3 × 1 = 3

(क) मक्खी .......... के जाले में फँस गई ।

(ख) सोनाली के .......... को अखरोट बहुत पसंद थे ।

(ग) रात को लालू दीपक के .......... के नीचे सो जाता था ।

Q13. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 5 × 1 = 5

एक हाथी और एक चिड़िया में झगड़ा हो गया । हुआ यूँ कि एक चिड़िया अपने लिए एक नया घोंसला बना रही थी । यहाँ-वहाँ से तिनके इकट्ठे कर रही थी । एक बार में वह एक ही तिनका उठा पाती थी । वह तिनका पकड़ती उड़ती और पेड़ की डाली पर रख आती । उसे बार-बार यह करते देख हाथी को हँसी आ गई । वह चिड़िया पर हँसता हुआ बोला – "बेचारी, इतनी छोटी, इतनी कमजोर है कि एक से ज़्यादा तिनका उठा ही नहीं पाती । मुझे यदि ऐसे तिनके उठाने पड़े तो मैं हजारों-लाखों तिनके एक बार में उठा सकता हूँ ।"

(क) किन-किन के बीच में झगड़ा हो गया था ?

(ख) चिड़िया अपने लिए क्या बना रही थी ?

(ग) वह यहाँ-वहाँ से क्या इकट्ठे कर रही थी ?

(घ) 'बेचारी इतनी छोटी, इतनी कमजोर है कि एक से ज़्यादा तिनका उठा ही नहीं पाती' । यह वाक्य किसने किसे कहा ?

(ङ) यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

Q14. किन्हीं **चार प्रश्नों** के उत्तर लिखिए । $4 \times 2 = 8$

(क) एक रोज मस्जिद से अजान की आवाज क्यों नहीं आई ?

(ख) मक्खी ने हाथी से क्या कहा ?

(ग)अम्मा दीपक के लिए क्या बना रही थी ?

(घ) कौवे ने पानी को कहाँ-कहाँ ढूँढा ? **चतुर कौवे** कविता के कवि का नाम लिखो ।

(ङ) अंत में मक्खी के साथ क्या हुआ ?

(च) चिड़िया पत्ता क्यों नहीं उठा पा रही थी ?

Q15. किन्हीं **तीन प्रश्नों** के उत्तर लिखिए । $3 \times 4 = 12$

(क) पूरा गाँव रोज सुबह किन तीन आवाजों से जागता था ?

(ख) पुलिस ने दीपक की पीठ क्यों थपथपाई ?

(ग) हमें पेड़ क्यों लगाने चाहिए ?

(घ) चिड़िया ने आँखें क्यों बंद कर ली ?

(ङ) अंत में मक्खी के साथ क्या हुआ ?

Q16. किन्हीं **दो प्रश्नों** के उत्तर लिखिए । (जीवन मूल्य) $2 \times 2 = 4$

(क) आप अपने आस-पास के पशु-पक्षियों की मदद कैसे कर सकते हैं ? लिखिए ।

(ख) जब आपके दादा-दादी या नाना-नानी जी का स्वास्थ्य ठीक नहीं होता तो आप उनकी देख-भाल और किस प्रकार करते हैं ?

(ग) अगर आपसे कोई गलती हो जाए तो क्या आप माफी माँगेंगे, क्यों ?